# नगर निगम, झाँसी।

बैठक का स्थान – नगर निगम प्रशासनिक भवन स्थित
महारानी लक्ष्मीबाई सभाकक्ष
समय 12:00 बजे पूर्वान्ह

## नगर निगम सदन की बैठक दिनांक 09.09.2015 का कार्यवृत्त

नगर निगम सदन की बैठक नगर निगम स्थित प्रशासनिक भवन के महारानी लक्ष्मीबाई सभाकक्ष में मा0 महापौर श्रीमती किरन राजू बुकसेलर, की अध्यक्षता में उपस्थित मा0 सदस्यों के कोरम पूरा होने पर बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। बैठक में श्री कृष्णपाल सिंह राजपूत मा0 विधायक बबीना/पदेन सदस्य, कार्यवाहक नगर आयुक्त, मुख्य अभियन्ता, अधिशासी अभियन्ता, मुख्य नगर लेखा परीक्षक, जोनल सेनेटरी ऑफीसर, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, सहायक अभियन्ता (विद्युत), लेखाधिकारी, लेखाकार, सम्पत्ति अधिकारी, सदन प्रभारी एवं विकास प्राधिकरण झाँसी के इंजी0 आर.के.वर्मा अधिशासी अभियन्ता आदि उपस्थित रहे। श्री केशव प्रसाद, सदन प्रभारी ने सभाकक्ष में उपस्थित मा0 महापौर, मा0 विधायक एवं सभी मा0 पार्षदगणों व अधिकारियों, पत्रकार बन्धुओं का हार्दिक स्वागत किया एवं मा0 महापौर महोदया ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों का पुष्प गुच्छ व माला पहनाकर स्वागत किया।

1. श्रीमती अनीता पाण्डेय
2. श्रीमती कनक शिवहरे
3. श्री खुर्शीद
4. श्री दिनेश सिंह
5. श्री पुष्पेन्द्र
6. श्री भरत यादव

प्रभारी नगर आयुक्त महोदय द्वारा चुने गये कार्यकारिणी सदस्यों का स्वागत करते हुये माननीया महापौर जी की अनुमति से सदन प्रभारी ने प्रस्ताव सं0 01 को पढ़कर सुनाया गया।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही श्री महेश गौतम पार्षद वार्ड नं0 05 ने कहा कि सदन की बैठक 02 माह में होना चाहिये हम जानना चाहते हैं कि माननीय नगर आयुक्त महोदय उपस्थित नहीं हैं तो बैठक क्यों करायी जा रही है इस सवाल का जवाब हम सभी पार्षद महापौर जी से जानना चाहते हैं।

मा0 महापौर जी ने कहा कि मई माह में सदन की बैठक होना थी लेकिन कुछ पार्षदों द्वारा मांगपत्र पर एक पार्षद पुत्री की शादी की वजह से बैठक स्थगित करनी पड़ी थी।

श्री गोपी पार्षद वार्ड नं0 09 द्वारा कहा गया कि दिनांक 13.07.2012 को सदन गठित हुआ जिसकी नगर निगम की पहली बैठक जो दिनांक 19.11.2013 में हुयी नगर निगम अधिनियम के अनुसार 17 बैठकें होना थी जो नहीं हुयीं।

श्री महेश गौतम पार्षद वार्ड नं0 05 ने कहा कि पिछले 03 वर्ष में कितनी बैठकें हुयीं। बताया जाये।

सदन प्रभारी द्वारा बताया गया कि दिनांक 31.03.2015 में हुयी थी। लोकसभा, तथा विधानसभा सत्र चलने के कारण सदन की बैठक सम्भव न हो सकी।

श्री महेश गौतम पार्षद वार्ड नं0 05 ने सदन प्रभारी से पूछा कि दिनांक 31.03.2015 में लोकसभा–विधानसभा सत्र चल रहा था क्या? सदन चाहता है कि सदन की बैठक तब हो जब सब अधिकारी मौजूद हों।

श्रीमती किरन राजू बुकसेलर
महापौर
झाँसी नगर निगम, झाँसी

श्री रवि मौर्य पार्षद द्वारा कहा गया कि टेण्डर के बाद कार्य शुरू नहीं हुये तो जिम्मेदारी किसकी है।

श्री महेश गौतम व श्री संजीव पटैरिया पार्षदों द्वारा कहा गया कि टेण्डर पास होने से कार्य शुरू नहीं हुआ। 39% बिलो टेण्डर पर क्या कार्य होगा?

श्री अशोक पलया द्वारा कहा गया कि प्रस्ताव स्वीकृत होने पर कार्य शुरू नहीं हुआ है। क्या कार्यादेश जारी किया गया है?

मुख्य अभियन्ता द्वारा बताया गया कि जिस फाइल में निविद बिलो है गुणवत्ता के सवाल पर शर्तों के अनुसार ठेकेदार की कार्य करने की जिम्मेदारी है। गुणवता खराब होने पर ठेकेदार के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

श्री अनिल कुमार उर्फ "पच्चू भईया" पार्षद वार्ड नं0 17 ने कहा कि सदन की गरिमा मयी बैठक है। जी.बेक. जे.ई. क्यों मौजूद नहीं है? मैं अवगत कराता चाहता हूं कि मेरा उनके बीच विवाद चल रहा है इस कारण उपस्थित नहीं हुये। वह कुछ व्यक्तियों को लेकर उनके आवास आये थे। जी.बेक. द्वारा कहा गया कि तुम्हारे छोटे-छोटे बच्चे हैं उन्हें उठवा लेंगे। अभी मैने इस पर कमश्निर, जिलाधिकारी, नगर आयुक्त जी को धमकी दिये जाने का पत्र भेजा है मैने तीसरी बार आपको पत्र दिये जी.बेक. के खिलाफ कार्यवाही की जाये। दैनिक जागरण में प्रकाशित समाचार दिनांक 21.08.2015 का पेपर मा0 महापौर जी को दिया था इस पर क्या कार्यवाही की गयी तथा श्री के.के.तिवारी ठेकेदार द्वारा कहा गया है कि मेरे द्वारा कराये गये कार्य की एक वर्ष की सिक्योरिटी जमा है।

श्री अनिल कुमार उर्फ "पच्चू भईया" पार्षद वार्ड नं0 17 ने कहा कि उक्त प्रकरण पर क्या कार्यवाही होगी?

मा0 महापौर जी ने बताया कि नाला टूटा है गुणवत्ता खराब थी पूर्व में भी इस सम्बन्ध में शिकायत प्राप्त हुयी थी उसके बाद मेरे द्वारा निरीक्षण भी किया गया था उसके बाद क्या कार्यवाही की गयी अधिकारी बतायें।

मुख्य अभियन्ता ने कहा कि ऐ.ई. साहब बाहर गये हैं उनके आने के बाद ठेकेदार के प्रति कार्यवाही की जायेगी। पत्रावली पर विवाद है पत्रावली को देखकर कार्यवाही की जायेगी।

प्र0 नगर आयुक्त ने कहा कि जांच के बाद कार्यवाही की जायेगी।

श्री महेश गौतम ने कहा कि मा0 महापौर जी द्वारा निरीक्षण में गुणवत्ता खराब पायी गयी थी उस पर क्या कार्यवाही हुयी।

प्र0 नगर आयुक्त ने कहा कि झाँसी नगर निगम सीमा में जो निर्माण कार्य हुये हैं उनकी कमिश्नर द्वारा टी.ए.सी. जांच करायी गयी है। मा0 पार्षद जी के साथ अभद्रता पर जांच चल रही है। नगर आयुक्त जी के आने के बाद कार्यवाही की जायेगी।

श्री अशोक पलया पार्षद वार्ड नं0 30 ने कहा कि द्वारा कहा गया कि निर्माण कार्यों की जांच ऐजेन्सी से करायी जायें।

श्री भरत यादव पार्षद वार्ड नं0 01 ने कहा कि मेरी शिकायत के बाद बिना जांच के ठेकेदार का भुगतान हुआ।

मुख्य अभियन्ता ने कहा कि पार्षद जी की शिकायत के बाद कार्यवाही की जा रही है जांच के बाद सम्बंन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी साथ ही श्री अवधेश अवर अभियन्ता को वार्ड सें हटा दिया गया।

श्री महेश गौतम ने कहा कि श्री जी.बेक अवर अभियन्ता को जांच होने तक कार्य से हटाया जाये।

श्रीमती किरन राजू बुकसेलर
महापौर
झाँसी नगर निगम, झाँसी

है कोई देखने वाला है। सम्बंन्धित पार्षदों को नगर निगम में बाईलॉज 1.5 वर्ष से नहीं दिया गया। यह बतायें कि करोड़ों की खरीद का प्रस्ताव मा0 सदन के संज्ञान में नहीं लाया गया क्या कारण है?

श्रीमती माहेलका मकरानी पार्षद द्वारा कहा गया कि यदि वार्ड में काम नहीं होगा काम को गम्भीरता से लिया जाये तो सदन में हल्ला नहीं होगा। पार्षदों से गलत व्यवहार अभद्रता की जाती है उसके लिए तत्काल कार्यवाही की जाये। हम मा0 महापौर जी को अपनी समस्या सुनाते हैं।

मा0 महापौर जी ने कहा कि जो प्रस्ताव कार्यकारिणी की सीमा के हों तथा जो प्रस्ताव सदन की सीमा का हो वही प्रस्ताव कार्यकारिणी/सदन में स्टीमेट बनाकर ही प्रस्तुत किये जायें।

श्री कन्हैया कपूर द्वारा कहा गया कि मा0 सदन को अधिकारियों द्वारा गुमराह किया जा रहा है।

मा0 महापौर जी ने कहा कि हमारे पास बैठक की सूचना से पहले ऐजेण्डा नहीं आता आपको भी विभागीय अधिकारी द्वारा भेजा जाता है। कई पार्षदों की शिकायत आती है कि उनके वार्डों में काम कहीं ज्यादा कहीं कम कराये जा रहे हैं। पूर्व में सदन के निर्णयानुसार ही वार्डों में काम कराये जायें।

श्री कन्हैया कपूर द्वारा कहा गया कि 70 पार्षदों को कार्य कराने हेतु अवगत कराया जाये। नगर निगम में करोड़ों रुपये की गाड़ी खरीदी गयीं जिसकी जानकारी सदन में क्यो नहीं आयी। बताया जाये?

श्री प्रतीक झा द्वारा कहा गया कि दो करोड़ की गाड़ी आ चुकी हैं। दो साल पहले सदन में पास किया गया।

श्री हरिगोविन्द प्रसाद गैरिज प्रभारी ने बताया गया कि जो वाहन दो वर्ष पूर्व पास हुआ था जिसे 13वें वित्त आयोग की कमेटी के द्वारा रखा गया था। वही वाहन क्रय किया गया है।

श्री कन्हैया कपूर द्वारा कहा गया कि 13वें वित्त आयोग की कमेटी में कोई प्रस्ताव नहीं रखता प्रस्ताव नगर निगम द्वारा रखा जाता है जो वाहन की खरीद हुई क्या वह काम कर रही हैं। जो वाहन खरीदे गये वह सॉलिड वेस्ट कम्पनी के ठेकेदार को दिये जायेगें। जो वाहन खरीदे गये वो क्यों नहीं चल रहे हैं बताया जाये?

श्री शैलेन्द्र परिहार नामित पार्षद ने कहा कि जो वाहन खरीदे गये तथा कहां से खरीदे गये बताया जाये?

श्री हरिगोविन्द प्रसाद गैरिज प्रभारी ने कहा कि अभी केवल दो ट्रैक्टर खरीदे गये हैं। पूर्व में जो 20.00 लाख की मशीन खरीदी थी वो खड़ी है कार्य नहीं करती।

श्री विकास सिंह "रिन्टू" पार्षद वार्ड नं0 44 ने कहा कि पी.पी.पी. मॉडल का क्या हुआ।

श्री आनन्द साहू पार्षद वार्ड नं0 12 ने कहा कि सवा करोड़ की गाड़ियां यहां आयी इनका प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया जाये। दस गाड़ियों तथा दो ट्रैक्टर खरीद की पत्रावली सदन में प्रस्तुत करें। झाँसी को स्मार्ट सिटी बनाना है तो पी.पी.पी. मॉडल पर आवंटन बन्द हो काम करोड़ों रुपये की लाइटों की खरीद की जाती है इस वर्ष कई छोटी–मोटी कम्पनियां शामिल कर ली गई हैं। अलग–अलग कम्पनियों से खरीद करने पर लाइटों की गुणवत्ता खराब होती हैं। लाईट तुरंत खराब हो जाती है उस कम्पनी से

Kerma
..मती किरन राजू बुक्सेलर
महापौर
झाँसी नगर निगम, झाँसी